**मनमानी** | पार्षद धर्मेंद्र सिंह ने सीएमओ से की शिकायत

# नाली निर्माण में ठेकेदार द्वारा अनियमितता का आरोप

**शहडोल।** नगर परिषद ब्योहारी के वार्ड क्रमांक 9 पुरानी जंगल चौकी के पास नाली का निर्माण नगर परिषद द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा नाली का निर्माण घटिया एवं स्टीमेट से हटकर गुणवत्ताहीन कराया जा रहा है जिसकी शिकायत वार्ड क्रमांक 09 पार्षद धर्मेंद्र सिंह ने सीएमओ ब्योहारी शरद गौतम से कर ठेकेदार के खिलाफकार्यवाही किये जाने की मांग की है।



## सही तरीके से नहीं लगायी जा रही छड़

पार्षद धर्मेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि पुरानी जंगल चौकी के पास जो नाली का निर्माण कराया जा रहा है उसमे ठेकेदार द्वारा छड़ का उपयोग सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। जो छड़ उसमे बाँधी जा रही वह काफी दूर - दूर बाँधी जा रही है। नाली निर्माण स्टीमेट के हिसाब से नहीं हो रहा है। नाली का निर्माण स्टीमेट के हिसाब से नहीं कराये जाने के कारण सीएमओ ब्योहारी को शिकायत देकर जांच कराकर कार्यवाही किये जाने एवं स्टीमेट के हिसाब से नाली का निर्माण कराये जाने हेतु ठेकेदार को आदेशित किये जाने कि शिकायत की गयी है।

### चोरी की रेत और 30 एमएम गिट्टी से नाली का निर्माण

नाली निर्माण मे चोरी की रेत का उपयोग किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। वार्ड वासियो द्वारा बताया गया कि रात के अंधेरे मे ठेकेदार द्वारा टेक्टर के माध्यम से रेत मंगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि निर्माण मे अभी तक जितना रेत उपयोग किया गया है इसकी जांच करायी जाय कि रेता किस खदान से और किस वाहन से लाया गया है तो पूरा मामला स्पष्ट हो जायेगा साथ ही नाली निर्माण मे बड़े - बड़े 30 एम एम की गिट्टी डालकर कर कराया जा रहा है।

### इनका कहना है

शिकायत मिली है। उपयंत्री को जांच कर प्रतिवेदन देने के लिये कहा गया है।
**शरद गौतम**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद ब्योहारी

# महर्षि विद्या मंदिर का छात्र भास्कर चौहान इंटर काशी फुटबाल एकेडमी हेतु चयनित

▶ दार्जलिंग के आयोजित होगी अण्डर 16 फुटबॉल प्रतियोगिता

**शहडोल।** महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकण्डरी स्कूल शहडोल के होनहार छात्र भास्कर चौहान पिता माधवराज चौहान माता अनीता चौहान कक्षा 9 (भीष्म) दार्जिलिंग में आयोजित अन्डर 16 फुटबाल प्रतियोगिता के दौरान इंटर काशी फुटबाल एकेडमी बनारस के लिए चयनित होकर महर्षि विद्या मंदिर शहडोल के साथ-साथ पूरे शहडोल संभाग का नाम रोशन किया है, जहाँ पर छात्र को फ्री कोचिंग दी जायेगी एवं रहने-खाने का पूरा खर्च इंटर काशी फुटबाल एकेडमी द्वारा वहन किया जायेगा। छात्र की प्रतिभा एवं खेल में रूचि को देखते हुए छात्र को इंडिया फुटबाल टीम में सम्मिलित कर खेलने का मौका दिया जायेगा। इनकी सफलता को लेकर इनके माता-पिता एवं विद्यालय परिवार गौरवान्वित है।छात्रा की इस उपलब्धि के लिए विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना तिवारी एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने अपनी शुभकामनायें प्रेषित कर छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।



# फर्जी चेचिस नंबर और बिना अनुज्ञा के संचालित हो रही बसें


### बसों के अवैध संचालन की प्रमुख सचिव से हुई शिकायत



**शहडोल।** विजय प्रकाश मिश्रा निवासी कटनी म.प्र. द्वारा अपनी बस (विजय बस सर्विस) का अवैध संचालन किया जा रहा है। वाहन 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं जिसमे फर्जी चेसिस नंबर पंच करके वाहनों का स्वरुप परिवर्तित करके वाहनों का संचालन किया जा रहा है। एवं कुछ वाहनों का बिना अनुज्ञा पत्र प्राप्त किये ही वाहनों का संचालन किया जा रहा है जो इस प्रकार है। कटनी से बरही मार्ग, कटनी से ब्योहारी मार्ग, कटनी से मानपुर मार्ग, कटनी से अमझोर मार्ग, कटनी से चितरांव मांजिनके पंजीयन क्रमांक इस प्रकार है एमपी16पी0252, एमपी 20पीए 0271, एमपी 09 एफए 3323, एम 09 एफए 4533, एमपी 09 एफए 1771, एमपी 07 एफ2005, एम 09 एएफ1769, डीएलआईपीसी 4743 इसके अलावा कई वाहनों पर किसी प्रकार का पंजीयन विन्ड नहीं है लेकिन वाहन स्वामी द्वारा बिना किसी भय के वाहनों का संचालन किया जा रहा है और अन्य बस मालिको के आगे आगे दादागिरी के बल पर वाहनों का अवैध संचालन जोरो से किया जा रहा है। उक्त वाहनों अबैध संचालन होने से अबोध सवारियां जो यात्रा करती है उनको आये दिन खतरा बना रहता है म.प्र. परिवहन विभाग का लाखो रूपए मोटरयान कर की चोरी की जा रही है ऐसे में यदि इन पर कार्यवाही नहीं की गई तो इनके हौसले बुलंद होंगे और किसी अप्रिय घटना घटने से अबोध सवारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उक्ताशय की शिकायत ग्राम बरकोड़ा निवासी अजय कुमार साहू ने प्रमुख सचिव परिवहन विभाग से की है।

# शिफ्ट इंचार्ज के साथ मारपीट करने वाला राकेश कुमार हुआ सस्पेंड

### अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : उपक्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह




**धनपुरी, नवभारत।** बीते शुक्रवार को सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत आने वाली दामिनी भूमिगत खदान में प्रथम पाली में शिफ्ट इंचार्ज दीप चौधरी के साथ जनरल असिस्टेंट पद पर पदस्थ राकेश कुमार ने मारपीट की थी। यह मामला खदान से बाहर निकल कर खैरहा थाने तक पहुंच गया था। शिफ्ट इंचार्ज दीप चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने राकेश कुमार के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351(3) के तहत मुकदमा कायम कर लिया था। इस घटना से अधिकारियों में, दामिनी खदान के कोयला श्रमिकों में जबरदस्त आक्रोश राकेश कुमार की हरकतों की वजह से पनप रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जूनियर अधिकारियों का एक दल इस मामले में बीते शुक्रवार को ही महाप्रबंधक से मिलकर इस मामले की पूरी जानकारी देते हुए दोषियों पर ठोस कार्यवाही करने की मांग की थी।

**सस्पेंड हुआ शिफ्ट इंचार्ज के साथ मारपीट करने वाला राकेश कुमार-** शिफ्ट इंचार्ज दीप चौधरी के साथ दामिनी भूमिगत खदान के अंदर हुई मारपीट की घटना के संबंध में सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संदीप एस पारंजपे से नवभारत ने चर्चा की थी तो उन्होंने कहा था कि उपक्षेत्रीय प्रबंधक को दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की दिशा निर्देश दे दिए हैं। इस संबंध में दामिनी भूमिगत खदान के उप क्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिफ्ट इंचार्ज के साथ मारपीट करने वाले राकेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। थाने में उसके विरुद्ध अपराध दर्ज हो चुका है। जल्द ही विभागीय जांच शुरू हो जाएगी पूर्व में भी इस कर्मचारी के द्वारा खदान में जो लड़ाई झगड़ा किया गया है उसे भी जांच में रखा जाएगा।

**अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं-** उप क्षेत्रीय प्रबंधक संजय सिंह ने नवभारत को जानकारी देते हुए बताया कि खदान में किसी भी कीमत पर किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खदान में स्वस्थ वातावरण में कोयला उत्पादन करना हमारी पहली प्राथमिकता है इसलिए खदान का माहौल खराब करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति ना हो।

### कर्मचारी कर रहे तरह-तरह की चर्चा

इस घटना के बाद दामिनी भूमिगत खदान के आक्रोशित कर्मचारी तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। कोई उसे रायगढ़ ट्रांसफर करने की मांग कर रहा है तो कोई कह रहा है कि यदि निष्पक्ष विभागीय जांच हो जाए तो कंपनी उसे डिस्मिस भी कर सकती है। कुछ कर्मचारी चर्चा करते हैं कि माइनिंग सरदार राशिद हुसैन को भी न्याय मिलने का इंतजार है क्योंकि उनके साथ भी राकेश कुमार ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था।

# एसईसीएल मुख्यालय के 7 कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

**धनपुरी, नवभारत।** गत दिवस 31 अगस्त 2025 को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 7 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी।

मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी (संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मा/सं बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) रमेश चंद्र महापात्रा, सीवीओ हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में विनय कुमार सूद महाप्रबंधक (सिविल), डा. प्रतिभा पाठक मुख्य चिकित्सा सेवाएँ, बसंत कुमार कुर्रे महाप्रबंधक (उत्खनन), कृष्ण कान्त मुखर्जी महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), सुलभ सिंह बघेल वरिष्ठ प्रबंधक-वि.यॉं. नगर प्रशासन विभाग, विकास चन्द्र दास लेखापाल ए-1 वित्त विभाग, विलास उपासने सहायक फोरमेन परिवहन विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।




इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने अपने-अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशली से ही कम्पनी सफलता के मुकाम पर पहुँची है। सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। अंत में उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की।

सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहां के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ के अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं एवं किसी कार्य को बोझ समझकर नहीं करते हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (राजभाषा) सविता निर्मलकर ने निभाया।



# ट्रांसपोर्ट नगर में अवैध कब्जा कर बाड़ी लगा की जा रही थी खेती

### ▶ नगर निगम की टीम ने की अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, हटाया कब्जा

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम की टीम ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में किए गए अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए शुक्रवार को कार्रवाई की गई है। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर शहर में बिना अनुमति कॉलोनी विकास करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में अस्थाई और स्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई क गई। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी रही। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी की शासकीय भूमि के पर अनुराग, अभिषेक दाहिया द्वारा बाड़ी स्थापित कर कब्जा कर खेती की जा रही थी जिस पर नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही दोबारा कब्जा नहीं करने की हिदायत दी गई। नगर निगम आयुक्त ने शहर में अवैध अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतों के मद्देनजर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अतिक्रमण विभाग और कॉलोनी सेल के अधिकारियों को दिए हैं।

जिसके तहत शहर के तीन स्थानों पर अवैध कॉलोनियां काटे जाने पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान राजस्व पटवारी सुभाष गर्ग, उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी, अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह, राजस्व और अतिक्रमण हटाओ टीम सहित पुलिस बल की मौजूदगी रही। अवैध निर्माण करने वालों से कहा गया है कि अनुमति लेकर ही निर्माण कार्य करें, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी।

## आधा दर्जन गांव में दबिश देकर नष्ट कराया गया दो लाख महुआ लाहन

**नवभारत, कटनी।** विजयराघवगढ़ के फुटहाटोला में अवैध शराब के निर्माण और विक्रय की शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई कर आबकारी एक्ट के तहत 8 प्रकरण दर्ज किए हैं।पास झाड़ियों में छिपाकर रखा गया 1 हजार 425 किलोग्राम महुआ लाहन और 10 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। कार्रवाई में आबकारी अधिनियम के तहत चार प्रकरण दर्ज किए गए।

# रेडक्रॉस सचिव के पद से डॉ. पाण्डेय को हटाने सौंपा गया ज्ञापन

### डॉ. पाण्डेय की नियुक्ति को बताया नियम विरुद्ध, निरस्त करने की मांग

**शहडोल।** विगत दिनों रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव के रूप में डॉ. राजेश पाण्डेय की नियुक्ति की गई। जिसके विरोध में सोसायटी के कई सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कलेक्टर शहडोल को शिकायती पत्र सौंपा जिसमें लेख किया गया था कि आपके द्वारा डॉ. राजेश पाण्डेय को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शहडोल का सचिव नियुक्त किये जाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

**सदस्य बनने के दूसरे दिन ही बने सचिव-** डॉ. राजेश पाण्डेय दिनांक 20.08.2025 तक रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य नहीं थे। 21.08.2025 को उन्हें सदस्यता प्रदान कर महत्वपूर्ण दायित्व रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव पद पर नियुक्ति प्रदान कर दी गयी है। सदस्यों ने आरोप लगाया कि डॉ. राजेश पाण्डेय पूर्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला शहडोल में पदस्थ रहे है।इनकी पदस्थापना के दौरान प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुये राज्य शासन द्वारा इन्हें पद से मुक्त कर दिया गया था। डॉ. राजेश पाण्डेय रेडक्रॉस सोसायटी से संबद्ध गतिविधियों में कोई योगदान कभी नहीं रहा है। रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों की कोई बैठक भी कई वर्षों से आयोजित नहीं की गई है। फ्लस्वरूप स्वत: स्पष्ट है कि डॉ. राजेश पाण्डेय को सचिव पद पर समिति के अनुमोदन के बिना नियुक्ति प्रदान कर दी गई है।उक्त नियुक्ति से रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य एवं सदस्य आहत हुये हैं। डॉ. राजेश पाण्डेय की नियुक्ति निरस्त करते हुये भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी से सबद्ध आजीवन/साधारण सदस्यों में से किसी को भी रेडक्रास सोसायटी के सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपे जाने की मांग की गई।



# आदिवासियों के पट्टे की भूमि पर गैर आदिवासी का अतिक्रमण

### गोंगपा करेगी जन आंदोलन




**ब्योहारी।** तहसील ब्योहारी क्षेत्र मे आदिवासियों के पट्टे की भूमि पर कई गैर आदिवासी लोग अतिक्रमण किये हुए है जिसे खाली कराने को लेकर गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी ब्योहारी के तत्वाधान मे दिनांक 02 सितम्बर 2025 को ग्राम भमरहा 2 मे जन आंदोलन किया जायेगा।

अजय सिंह पेंड्रो जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा गोंगपा शहडोल द्वारा बताया गया की ग्राम भमरहा सेकंड सहित अन्य जगहों मे गैर आदिवासी पूंजी पति एवं धनाढ्य लोगों द्वारा आदिवासी की जमीन को दूसरे आदिवासी के नाम अवने पौने दाम पर खरीद कर या लीज बनवाकर उस पर अवैधानिक रुप से कब्जा किये हुए है। ग्राम भमरहा सेकंड मे एक आदिवासी के जमीन पर दबंग ने क्रेसर संचालित कर रखा है। बताया गया कि ये पूंजी पति लोग आदिवासियों को बरगला कर या उन्हें पैसा दाम का लालच देकर षणयंत्र पूर्वक उनकी जमीन का लीज बनवा कर कई सालों से अवैध रुप से काबिज है और उन्हें खाली नहीं कर रहे है। प्रशासन भी मौन धारण किया हुआ है जिसे लेकर दिनांक 02 अगस्त दिन मंगलवार को ग्राम भमरहा सेकंड के दरोगा पुलिया के पास मे जन आंदोलन किया जायेगा। आंदोलन को सफल बनाने के लिये अजय सिंह पेंड्रो ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम स्थल मे पंहुचने की अपील की है।

## चलती कार में लगी आग शार्ट सर्किट की आशंका

**नवभारत, कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के कटनी-बरही मार्ग पर रफ्टा पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार दोपहर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया गया। राहत की बात यह रही कि चलती कार में आग लगने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। वहीं कार मालिक दिलीप रत्नाकर ने बताया कि उन्हें आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में ऐसी संभावना जताई जा रही है कि कार में आग शार्ट सर्किट के कारण लगी होगी। हालांकि इस बात की अब तक पुष्टि नहीं की गई है।

**प्रतियोगिता** | प्रतियोगिता में 9 टीमों ने लिया भाग

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**शहडोल।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान सिंह की स्मृति एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में स्थानीय रेलवे खेल मैदान में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता दिनांक 29 अगस्त 2025 को संपन्न हुई प्रतियोगिता में जिले की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 9 टीमों ने सहभागिता की जिसमें गांधी स्टेडियम शहडोल की टीम जैसी नगर से विजेता रही।

उपरोक्त प्रतियोगिता एडिशनल एसपी अभिषेक दीवान एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष सुदर्शन मिश्रा संभागीय खेल अधिकारी शहडोल सचिव कलीम खान, जिला खेल प्रशिक्षक एवं कार्यालय सचिव रतन सिंह ठाकुर, वॉलीबॉल के उत्कर्ष खिलाड़ी स्वतंत्र सिंह, पुष्पराज सिंह आदि की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई।



प्रतियोगिता का उद्घाटन अनुविभागीय दंडाधिकारी अरविंद शाह, मनोज बेहरा एवं एडीआरएम द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता नॉकआउट सिस्टम से करवाई गई विजेता टीम के खिलाड़ी अमन, अंकित, शैलेंद्र, साहिल, आकाश, वासु, भारती, ओम प्रकाश, जगनू खान आदि प्रमुख रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने के लिए सांसद शहडोल हिमाद्री सिंह जी स्थानीय विधायिका मनीषा सिंह सहित जनप्रतिनिधियों के साथ ही खेल से जुड़े कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।